फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री जगा राम पिता जवाना राम बासडाई निवासी लाखागुडा, तहसील भीम जिला राजसमन्द — अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर — प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 24/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 14.05.2024

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर से जरिये पृष्ठांकित अपीलार्थी क्रमांक :— अपील सं./24/2024/आरटीआई/2024/34 दिनांक 22.04.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आवेदक श्री जगा राम द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र के द्वारा सूचना चाही गयी थी। जिसमें प्रार्थी द्वारा खाता संख्या 4 आराजी नम्बर 481,482,486,694,695 व नया खाता संख्या 54 में आराजी नम्बर 754,755 के संबंध में प्रार्थी से दुरभाष पर वार्ता कर प्रार्थी ने बताया कि विरासत से इसका नाम जग्गा की जगह जमाला हो गया जो राजस्व वाद दायर से ही सही होगा। श्री जगा राम को इस संबंध में अवगत कराया कि आप सक्षम न्यायालय में दावा पेशकर नाम का शुद्धिकरण करावे।

लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना के संबंध में अपीलार्थी द्वारा जो नामान्तरकरण खुलवाया गया उसमें नाम शुद्धि राजस्व वाद से ही सही हो सकता हैं। अतः अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि आप सक्षम न्यायालय में वाद पेश कर नाम शुद्धि करावे। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार दिवेर को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)